ICMR की 'वर्ल्ड फर्स्ट चैलेंज' फॉर इनोवेशन पहल

स्रोत: द हिंदू

हाल ही में भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (ICMR) ने **"वर्ल्ड फर्स्ट चैलेंज" नामक पहल की** घोषणा की है, जिसका उद्देश्य स्वास्थ्य संबंधी ज्वलंत मुद्दों के लिये नवीन समाधानों को प्रोत्साहित करना है।

- इस पहल का उद्देश्य **नवीन, विशिष्ट विचारों को बढ़ावा देना तथा टीके, औषधियों** और निदान समेत महत्त्वपूर्ण **स्वास्थ्य प्रौद्योगिकियों** की खोज और विकास को बढ़ावा देना है ।
- प्रस्तावों में साहसिक, प्रभावशाली वैश्विक स्वास्थ्य अनुसंधान संबंधी अवधारणाओं की आवश्यकता है, **न कि 'संवृद्धिशील नवाचार' या 'प्रक्रियात्मक नवाचार'**। **उच्च जोखिम, उच्च पारितोषिक संबंधी चुनौतियों का** लक्ष्य संभावित विफलताओं के बावजूद क्रांतिकारी जैव चिकित्सा में सफलताएँ प्राप्त करना है।
    - **यह प्रस्ताव किसी एक या एक से अधिक संस्थानों के व्यक्तियों या टीमों** द्वारा प्रस्तुत किया जा सकता है, जिसका मूल्यांकन विशेषज्ञों की एक चयन समिति द्वारा किया जाएगा।
- हाल ही में ICMR ने अपने **'फेज 1 क्लिनिकल ट्रायल फॉर नेटवर्क' के अंतर्गत समझौतों को औपचारिक रूप दिया है, जिसमें मल्टीपल मायलोमा और जीका वायरस** जैसी विभिन्न बीमारियों के लिये उपचार विकसित करने के लिये सहयोग शामिल है।
    - इस पहल का उद्देश्य भारत को फार्मास्यूटिकल अभिक्रियाओं और नवीन स्वास्थ्य समाधानों के नैदानिक विकास में अग्रणी बनाना है।
- **ICMR** भारत में **जैव-चिकित्सा अनुसंधान के निर्माण, समन्वय** और संवर्द्धन के लिये **सर्वोच्च निकाय** है।
- यह स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय (MoH&FW) **के अधीन है।**

और पढ़ें: संसद टीवी विशेष: कार टी-सेल थेरेपी

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/icmr-s-first-in-the-world-challenge-for-innovation